लोक सभा अध्यक्ष ने होली की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 5 मार्च, 2015: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने होली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है । अपने संदेश में उन्होंने कहाः- "मैं सभी देशवासियों को **होली** की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं देती हूं। जबकि होलिका दहन मन-विचार-आचार की बुराई को त्यागने व नष्ट करने का दिन है, होली रंगों का त्योहार है।

इस पवित्र दिन,सभी समाज में आशा का संदेश फैलाएं तथा करूणा और उत्साह के साथ भाईचारे और सद्भाव के लिए कार्य करें। मैं उस जगन्नियंता से प्रार्थना करती हूं और आप सबको होली की शुभकामनाएं देती हूं। "